एनएच-48 पर चलती कार पर फिर हुआ पथराव

डूंगरपुर। एक और जहां जिला पुलिस अधीक्षक अपराधी तत्वों के खिलाफ लगातार कार्यवाहियां करवा कर आमजन में लोक शांति स्थापित करने की कोशिश कर रहे है, उसके बावजूद पत्थरबाजी की घटनाओं में कोई कमी नहीं आ रही है। उसके चलते आमजन में ऐसी घटनाओं से भय का वातावरण पनपता जा रहा है। जिसका सीधा असर इस क्षेत्र के कारोबार पर भी पडता नजर आ रहा है।

इसी तरह का एक मामला बिछीवाडा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-48 पर एक चलती कार पर पथराव किया गया। इस घटना में सलूंबर जिले का वरनौती परिवार बाल-बाल बच गया। गुरुवार रात को हुई इस घटना में कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया,हालांकि किसी को चोट नहीं आई।

सलूंबर के सालवी मोहल्ला निवासी प्रवीण वरनौती, उनकी पत्नी मीना कुमारी सालवी और उनके दो बेटे प्रतीक व कविस वरनौती मकर संक्रांति की छुट्टियां मनाने अहमदाबाद गए थे। यह परिवार अहमदाबाद से वापस सलूंबर लौट रहा था

चित्तौडगढ़-उदयपुर हाईवे पर सड़क हादसे में चार की मौत

हादसा रात करीब एक बजे नरधारी क्षेत्र के पास हुआ, मृत बैल से टकराकर अनियंत्रित हुई थी कार

- **टक्कर इतनी तेज थी कि कार का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर पार करते हुए दूसरी लेन में जा पहुंची। तभी सामने से आ रहे एक ट्रेलर से कार की आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई। कार में सवार चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।**
- **घटनास्थल का मंजर इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भी स्तब्ध रह गए।**

उदयपुर, 16 जनवरी (का.सं.)। राजस्थान के चित्तौडगढ़ उदयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा रात करीब एक बजे नरधारी क्षेत्र के पास हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक कार चित्तौडगढ़ से उदयपुर की ओर आ थी। इसी दौरान हाईवे पर एक मृत बैल का शव सडक पर पड़ा था। अंधेरा होने के कारण कार चालक समय रहते उसे नहीं देख सका और वाहन सीधे उससे टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर पार करते हुए दूसरी लेन में जा पहुंची। तभी सामने से आ रहे एक ट्रेलर से कार की आमने.सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई। कार में सवार चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान रिंकेश नानवानी, सुहानी नानवानी और रजनी नानवानी निवासी सिंधी कॉलोनी,प्रताप नगर (चित्तौडगढ) तथा चौथे व्यक्ति की पहचान इंदौर निवासी हीरानंद नानवानी के रूप में हुई है।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त कार को सीधा कराया गया और उसमें फंसे लोगों को बाहर निकाला गया तब तक चारों की मौत हो चुकी थी।घटनास्थल का मंजर इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भी स्तब्ध रह गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया जहां से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिए।

घोटाले के आरोपी के घर से दस्तावेज जब्त

श्रीगंगानगर। पंजाब एंड सिंध बैंक में करोड़ों रुपए के घोटाले का मामला सामने आया है। जयपुर से आई सीबीआई व एसीबी टीम ने जिला मुख्यालय पर एक मकान के छापेमारी की।

दिनभर सर्च के बाद मकान से मामले से जुड़े दस्तावेज और नकदी जब्त की गई है। हालांकि सीबीआई की ओर से इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखाओं में 13 म्यूल खाते खोलकर यह घोटाला किया गया है। सीबीआई टीम ने हनुमानगढ़ रोड पर निकुंज विहार स्थित अजय गर्ग के घर पर दबिश दी। घर में दिनभर चली तलाशी के बाद शाम को सीबीआई टीम वापस जयपुर लौट गई। इस छापेमारी को गोपनीय रखा गया। सीबीआई के अधिकारियों ने इस संबंध में कोई जानकारी आधिकारिक तौर पर साझा नहीं की। सूत्रों के अनुसार गोल बाजार स्थित शाखा में भी म्यूल खाता खोले जाने की बात सामने आई है। इस संबंध में जयपुर में मुकदमा दर्ज किया।

भरतपुर के घी कारोबारी के ठिकानों पर छापा

भरतपुर, (निसं)। दो महीने पहले कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने जिस फर्म की नकली घी की फैक्ट्री महुवा (दौसा) में पकड़ी, उस पर भरतपुर में शुक्रवार को आयकर विभाग की टीम ने छापा मार दिया। यह फर्म दाऊजी मिल्क फ़ूड प्राइवेट लिमिटेड भरतपुर के घी कारोबारी प्रेमचंद की है।

घी कारोबारी के भरतपुर स्थित मकान-दुकान और आगरा (यूपी) स्थित फर्म पर आयकर विभाग की टीमों ने छापेमारी की। आयकर विभाग की एक टीम ने बिजली चौराहे पर कारोबारी की दाऊजी मिल्क फ़ूड प्राइवेट लिमिटेड फर्म पर दस्तावेज खंगाले तो दूसरी टीम ने गोलबाग रोड स्थित आवास पर सर्च किया। टीम के सदस्यों ने किसी भी तरह की जानकारी देने से इनकार कर दिया। मकान को अंदर से बंद कर कार्रवाई को अंजाम दिया गया। जानकारी के अनुसार घी कारोबारी प्रेमचंद के आगरा (यूपी) स्थित आवास और फर्म पर आयकर विभाग की टीम ने गुरुवार को छापा मारा था। इसके बाद शुक्रवार को टीम भरतपुर पहुंची और यहां प्रेमचंद की दुकान और घर पर एक साथ छापेमारी की। मिली जानकारी के अनुसार प्रेमचंद की दुकान खाली पड़ी मिली। दुकान में सिर्फ कुर्सियां मिलीं।

पड़ोसियों ने बताया कि प्रेमचंद परिवार के साथ आगरा में ही रहता है। बता दें कि 3 नवंबर 2025 को कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने इसी फर्म की महुआ (दौसा) के कमालपुरा गांव में स्थित नकली घी की फैक्ट्री पकड़ी थी।

राजस्थान सरकार
कार्यालय जिला रसद अधिकारी, जालोर
जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी
क्रमांक-रसद/लेखा/निविदा/2026 दिनांक-
NOTICE INVITING BID 03/2026
e-Bids For Selection Of Transporter For The Transportation Of Food grains under MDM From FCI Depots in District Jolore are invited From interested bidders up to 20.01.2026. other particulars of the bid may be visited on The Procurement Portal (http://eproc.rajasthan.gov.in or http:sppp.rajasthan.gov.in) of The State.
UNB - FCC2526SLOB00189, NIB CODE- FCC2526A0154
(अलोक झरवाल)
जिला रसद अधिकारी
जिला उपभोक्ता अधिकारी
जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी
जालोर
DIPR/C/635/2026

अलवर नगर परिषद की बैठक में परात-फावड़ा लेकर पहुंचा कांग्रेस का पार्षद

अलवर। अलवर जिला परिषद की आज साधारण सभा की बैठक हुई। बैठक से पहले वार्ड 21 के कांग्रेस पार्षद जगदीश जाटव ने अनोखे तरीके से मनरेगा का विरोध दर्ज कराया। वे मनरेगा बचाव की थीम पर कंधे पर फावड़ा और सिर पर परात लेकर जिला परिषद परिसर पहुंचे। इसके बाद वे साधारण सभा की बैठक में भी फावड़ा और परात साथ लेकर बैठ गए।

- **कांग्रेस पार्षद जगदीश जाटव ने अनोखे तरीके से मनरेगा का विरोध दर्ज कराया।**

बता दें कि साधारण सभा की बैठक 9 जनवरी को आयोजित होनी थी, लेकिन कोरम के अभाव में स्थगित कर दी गई। उसके बाद 16 जनवरी नई तारीख तय की गई थी।

अलवर जिला परिषद की आज साधारण सभा की बैठक में कांग्रेस पार्षद ने मनरेगा का नाम बदलने का विरोध दर्ज कराया।

जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर ने कहा साधारण सभा की बैठक में विकास के कामों को लेकर चर्चा हुई है। कहा कि स्कूल के खेल मैदान के लिए 5 पट्टे दिए हैं साथ ही कई अहम निर्णय लिए गए हैं। छिल्लर ने कहा कि बैठक में आमजन की समस्याओं को लेकर भी चर्चा हुई है। लोगों की समस्याएं अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाती हैं। बिजली विभाग का लाइनमैन और एक कॉन्स्टेबल तक आम आदमी की आवाज को दबा देते हैं। इसके लिए अधिकारियों को अवगत कराया गया है और उन्हें निर्देशित भी किया गया है।

बैठक में पहुंचे कांग्रेस पार्षद जगदीश जाटव ने आरोप लगाया कि सरकार ने मनरेगा का नाम तो बदल दिया और काम के 25 दिन बढ़ा दिए, लेकिन मजदूरों को न तो काम की गारंटी मिल रही है और न ही समय पर मजदूरी का भुगतान हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा का उद्देश्य गरीब और मजदूर वर्ग को राहत देना था, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में मजदूर परेशान हैं। जाटव ने जिला प्रमुख पर भी पक्षपात के आरोप लगाए। उनका कहना था कि जिला प्रमुख अपने चहेते सरपंचों को विकास कार्यों के लिए बजट उपलब्ध करवा देते हैं, जबकि कांठोस पार्षदों को नजरअंदाज किया जा रहा है। ऐसे में जनता हमसे सवाल कर रही है और हमारी जवाबदेही तय हो रही है।

9वीं क्लास की छात्रा पर तेजाब फेंका

श्रीगंगानगर। यहां 9वीं क्लास की छात्रा पर तेजाब फेंककर बाइक सवार युवक फरार हो गया। तेजाब छात्रा के चेहरे पर नहीं गिरा। हालांकि उसके कंधे और हाथ झुलस गए। पहचान छुपाने के लिए बदमाश ने हेलमेट पहन रखा था। वहीं बाइक की नंबर प्लेट को भी ढक रखा था। घटना केसरीसिंहपुर थाना इलाके में शुक्रवार सुबह की है। इसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में बाइक सवार बदमाश नजर आ रहा है।

- **घर से स्कूल जा रही थी, बाइक पर आया था बदमाश, हेलमेट लगा रखा था**

थाना प्रभारी बलवंत राम ने बताया- 13 साल की छात्रा स्कूल जा रही थी। इसी दौरान स्कूल से 250 मीटर पहले घटना हुई। बाइक सवार युवक उसके पास पहुंचा और तेजाब फेंका। बाइक की रफ्तार तेज होने और हड़बड़ाहट के चलते आरोपी छात्रा के चेहरे को निशाना नहीं बना सके। आसपास मौजूद लोगों ने छात्रा की मदद की और परिजनों को सूचना दी। युवक ने अपनी पहचान छुपाने के लिए बाइक की दोनों नंबर प्लेट ढ क रखी थी। साथ ही उसने हेलमेट के अंदर तौलिया लपेट रखा था। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम छात्रा और उसके परिजनों से पूछताछ कर रही है। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। घटना के बाद छात्रा के परिवार में दहशत का माहौल है। परिजन सहमे हुए हैं। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई की जाएगी। छात्रा पर तेजाब फेंकने की घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार- हाल ही में स्कूल का समय सुबह 10:30 बजे किया गया है। छात्रा घर से निकलकर स्कूल के पास पहुंच चुकी थी और वह स्कूल से करीब 70 मीटर दूर थी। इसी दौरान बाइक सवार युवक ने उस पर तेजाब फेंक दिया और फरार हो गया। पहचान छुपाने के लिए आरोपी ने हेलमेट के नीचे तौलिया बांध रखा था। घटना से करीब डेढ़ घंटे पहले भी स्कूल के पास मुख्य सड़क पर एक बाइक सवार युवक देखा गया था।

जोधपुर नगर निगम
क्रमांकः- जोन-7/2025-26/4069 दिनांकः- 12.01.2026
:: ई- निविदा सूचना ::
(UB NO. DLB2526WSOB30187)
नगर निगम जोधपुर की ओर से विभिन्न सिविल कार्यो हेतु ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से संबंधित कार्यो की विस्तृत जानकारी, निविदा की शर्ते आदि http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://lsg.Rajasthan.gov.in/mcjs पर देखी जा सकती है।
आयुक्त
नगर निगम जोधपुर
राज.संवाद/सी/25/17757

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-करौली
क्रमांक-Rajkaj-4017-4037 दिनांक-08.01.2026
ई-निविदा सूचना संख्या-16/2025-26
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दुर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि के पंजीकृत संवेदकों जो कि राज्य सरकार के एए ए बी सी डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदाओं से संबंधित विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB CODE- PWD2526A5066, UBN NO. 1. PWD2526WSOB20322, 2. PWD2526WSOB20323, 3. PWD2526WSOB20324, 4. PWD2526WSOB20325, 5. PWD2526WSOB20326
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड करौली
DIPR/C/703/2026

कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक करौली (राज.)
केशवपुरा पुलिया मण्डरायल रोड़ करौली, E-Mail : adpcsmsakarauli@gmail.com
क्रमांक :- एडीपीसी/समग्र शिक्षा/करौली/Civil/2025-26/661 दिनांक :- 12/01/2026
ई-निविदा सूचना संख्या 05 (सिविल)/2025-26
राजकीय विद्यालयों में मरम्मत कार्यों हेतु)
राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में मरम्मत कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों से आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा (एस.डी.आर.एफ) योजनान्तर्गत स्वीकृत 594 राजकीय विद्यालय में मरम्मत कार्यो हेतु राशि रू 1170.18 लाख (प्रति कार्य की राशि रूपये 1.97 लाख) बाबत् कार्यवार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदाऐं 22.01.2026 प्रातः 10.00 बजे से 28.01.2026 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित तक आमंत्रित की जाती है।
यू.बी.एन. नं. :- RSE2526WLOB06445
निविदा से सम्बधित समस्त विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा, करौली
राज.संवाद/सी/25/17710

सवाई माधोपुर : देश में पहली बार अमरूद महोत्सव 18 से

जयपुर। कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा है कि सवाई माधोपुर के 263वें स्थापना दिवस को इस वर्ष बाघ महोत्सव एवं अमरूद महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। सवाई माधोपुर सहित पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है कि देश में पहली बार अमरूद महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक आयोजन का शुभारंभ 18 जनवरी को माननीय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत और जिले की कृषि पहचान को राष्ट्रीय मंच देने का प्रयास है।डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि अमरूद महोत्सव एवं उन्नत कृषि तकनीकी

- **किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल : डॉ. किरोड़ी लाल**

मेला-2026 केवल उत्सव नहीं, बल्कि किसानों के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस और दूरदर्शी कदम है। उन्होंने कहा कि जिले के किसान उच्च गुणवत्ता का अमरूद उत्पादन कर रहे हैं, जिसकी मांग देश ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी लगातार बढ़ रही है। अब आवश्यकता है कि इस पहचान को एक संगठित मंच देकर किसानों को बेहतर मूल्य, तकनीक और बाजार से जोड़ा जाए। कृषि मंत्री ने बताया कि यह दो दिवसीय आयोजन किसानों के लिए ज्ञान, नवाचार और अवसरों का संगम होगा। इसमें आधुनिक खेती, स्मार्ट फार्मिंग, कृषि यंत्रीकरण, ड्रोन तकनीक, हाई-टेक बागवानी, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन से जुड़े नवाचारों को प्रत्यक्ष रूप से देखने और सीखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रतिदिन हजारों किसान इस मंच से जुड़कर अपनी खेती को अधिक लाभकारी बनाने के गुर सीखेंगे। डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने जनता से यह वादा किया था कि सवाई माधोपुर के अमरूद की मिठास को प्रदेश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाएगी। अमरूद महोत्सव उसी संकल्प की पहली ठोस शुरुआत है।

घी कारोबारी के 3 ठिकानों पर आयकर छापा

बीकानेर। यहां कारोबारी जगत में उस समय हड़कंप मच गया, जब आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा ने एक घी कारोबारी के तीन ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू कर दी। कोयला गली स्थित गोदाम, बीछवाल के गोदाम और कारोबारी के रानी बाजार आवास पर सुबह करीब छह से सात बजे के बीच आयकर विभाग की गाड़ियों के पहुंचते ही इलाके में हलचल मच गई।

- **आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा ने एक घी कारोबारी के तीन ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू कर दी।**

25 से अधिक अधिकारियों की टीम दस्तावेजों, डिजिटल रिकॉर्ड और स्टॉक की गहन जांच में जुट गई, जो देर रात तक चली। सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई अचानक नहीं बल्कि एक बड़े नेटवर्क के खुलासे का हिस्सा थी। उत्तर प्रदेश के एक बड़े कारोबारी के यहां की गई तलाशी के दौरान कई संदिग्ध लेनदेन और कच्चे बिलों के सुराग मिले थे। इन्हीं इनपुट्स के आधार पर बीकानेर के घी कारोबारी को जांच की। आयकर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस छापेमारी का उद्देश्य कर चोरी, बेनामी लेनदेन और फर्जी बिलिंग से जुड़े पूरे नेटवर्क को उजागर करना है। प्रारंभिक जांच में बड़ी कर चोरी के संकेत मिले हैं, हालांकि आधिकारिक आंकड़े जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएंगे। बीकानेर में यह कार्रवाई आने वाले दिनों में और भी खुलासों का संकेत दे रही है। आयकर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस छापेमारी का उद्देश्य कर चोरी, बेनामी लेनदेन और फर्जी बिलिंग से जुड़े पूरे नेटवर्क को उजागर करना है। प्रारंभिक जांच में बड़ी कर चोरी के संकेत मिले हैं, हालांकि आधिकारिक आंकड़े जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएंगे। बीकानेर में यह कार्रवाई आने वाले दिनों में और भी खुलासों का संकेत दे रही है।

कार्यालय नगर निगम, उदयपुर
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दुरभाष स.0294-2421255, 2420013, Helpline no. 0294-2426262 वेबसाइट. www-udaipurmc.org
क्रमांकः-गैराज/2025-26/1109 दिनांक :- 12.01.2026
ई-निविदा आमन्त्रण सूचना संख्या- ई-1107/E09 दिनांक 05.01.26 की संशोधित सूचना
कार्य का नाम :- नगर निगम के विभिन्न कार्यो हेतु ट्रेक्टर मय वाटर टेंकर एक वर्ष के लिए उपलब्ध कराने का कार्य।
नगर निगम, उदयपुर द्वारा जारी ई-निविदा आमन्त्रण सूचना संख्या-1107/E09 दिनांक 05.01.2026 UBN No. UNP2526GLRC00130 की संशोधन सूचना (Corrigendum Notice) का अवलोकन इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर किया जा सकता है।
आयुक्त
नगर निगम, उदयपुर
राज.संवाद/सी/25/17749

उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान
No. :- F-2(01)Acct/Contract/2025-26/247 - 249 Date :- 12/01/2026
ई-निविदा सूचना संख्या 73/2025-26
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा कार्यो की कुल लागत	रूपये 114.01 लाख (06 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि	14.01.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 29.01.2026 को सांयः 6.00 बजे तक
Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी	14.01.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 29.01.2026 को सांयः 6.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी	30.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN No. : ITU2526WSOB00402 To ITU2526WSOB00407
अधिशाषी अभियन्ता - प्रथम
उदयपुर विकास प्राधिकरण
राज.संवाद/सी/25/17690

उदयपुर बर्ड फेस्टिवल: रामसर साइट मेनार गांव में शुरु

तीन दिवसीय फेस्टिवल में फोटो प्रदर्शनी, पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिताएं हुई

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर बर्ड फेस्टिवल के 12 वें संस्करण का शुभारंभ शुक्रवार को मेनार गांव की रामसर साइट पर हुआ। तीन दिवसीय फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रुप में चित्तौडगढ संसदीय क्षेत्र से सांसद सीपी जोशी और विशिष्ट अतिथि के रूप में सांवलियाजी मंदिर मंडल अध्यक्ष जानकीदास उपस्थित रहेमेनार को हाल ही में रामसर साइट घोषित करने से फेस्टिवल के लिए इस स्थान का चयन किया गया।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद सीपी जोशी ने अपने संबोधन में मेनार गांव की विख्यात तलवारों की गैर और दोनों तालाबों के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यहां की तलवार की खनक और पक्षियों की कलरव विश्व प्रसिद्ध है। उन्होंने इसे रामसर साइट घोषित करने में प्रदेश एवं केंद्र सरकार के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि रामसर साइट घोषित होने से मेनार का पूरे विश्व से सीधा जुडाव हो गया है। मेनार में सदियों से पक्षियों के संरक्षण की लंबी परंपरा रही है। रामसर साइट घोषित होने के बाद यह जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। जोशी ने मेनारवासियों के पक्षी प्रेम की सराहना करते हुए कहा कि हाल ही में गांव के समीप प्रस्तावित

उदयपुर के मेनार गांव में तीन दिवसीय बर्ड फेस्टीवल का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ।

बिजली ग्रिड को पक्षी हित में अन्यत्र स्थापित करने की मांग यहां के वाशिंदों ने रखी जिसे सरकार ने मान लिया। जोशी ने आव्हान किया कि पक्षी संरक्षण की इस धरती पर आयोजित बर्ड फेस्टिवल की गूंज विश्व पटल पर सुनाई देनी चाहिए। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव एस आर यादव ने कहा कि मेनारवासियों की लगन एवं समर्पण भाव के चलते यह रामसर साइट घोषित हुआ है। आर्द भूमि को संरक्षित रखते हुए पक्षी प्रेमियों एवं पर्यटकों के लिए यहां सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। उपवन संरक्षक उत्तर अजय चित्तौडा ने मेनार वेटलैंड परिसर के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। समारोह में उपस्थित सभी को सांसद जोशी ने वेटलैंड मित्र बनने की शपथ दिलाई। शपथ में वेटलैंड के संरक्षण, पक्षियों के आवास की सुरक्षा एवं पर्यावरण को संरक्षित रखने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने स्मारिका एवं पॉकेट बुक का भी विमोचन किया। उद्घाटन समारोह में उदयपुर एवं मेनार गांव के आसपास के सैकडों की संख्या में स्कूली बच्चे सम्मिलित हुए। इस दौरान उनके लिए पक्षी आधारित चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया

- **रामसर साइट घोषित करने में प्रदेश एवं केंद्र सरकार के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि रामसर साइट घोषित होने से मेनार का पूरे विश्व से सीधा जुडाव हो गया है।**

जिनमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। पक्षी आधारित फोटो प्रदर्शनी एवं मेनार वेटलैंड पर आधारित शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर संभागीय मुख्य वन संरक्षक सुनील चिद्री, राजस्थान राज्य बायोडायवर्सिटी बोर्ड के सदस्य राजपाल सिंह, विक्रम सिंह, राहुल भटनागर, करण भल्ला, मुकेश सैनी, मेनार सरपंच प्रमोद ढोली, समाजसेवी घनश्याम मेनारिया, विजय लाल मेनारिया, मांगीलाल सिंघावत, पूर्व प्रधान मोहन मेनारिया, पूर्व सरपंच ऊंकार मेनारिया, पक्षीविद देवेन्द्र श्रीमाली, विनय दवे सहित कई गणमान्य, अधिकारीगण व ग्रामीण उपस्थित रहे।

उपवन संरक्षक वन्यजीव वाय एस चुंडावत ने स्वागत उद्बोधन दिया। सुरभि शर्मा सहायक वन संरक्षक ने आभार ज्ञापित किया व संचालन राजेंद्र सेन ने किया। इस अवसर पर पक्षी मित्र मेनार गांव पर आधारित डॉक्यूमेंट्री विंग्स ऑफ होप ड्क्त ए बजलिंग विलेज एंड देयर बर्ड फ्रेंड्स प्रदर्शित की गई। इसमें बताया गया कि मेनार गांव के मेनारिया समाज के लोगों का पक्षियों के प्रति प्रेम और उनके संरक्षण की परंपरा सदियों पुरानी है। करीब डेढ सौ वर्ष पूर्व एक अंग्रेज अधिकारी भारत भ्रमण के दौरान मेनार पहुंचा। अपने भोजन के लिए उसने यहां के तालाब से पक्षियों का शिकार करना चाहा तो ग्रामीणों ने दृढ ता के साथ उसका विरोध किया और उसे शिकार नहीं करने दिया। मेनार के वाशिंदों के पशुओं के प्रति इस प्रेम को देखते हुए उसने शिकार नहीं करने का निश्चय किया और यहां के लोगों का आतिथ्य स्वीकार किया। उसने अपनी यात्रा वर्णन के दौरान इस घटनाक्रम का उल्लेख किया है। बर्ड फेस्टिवल के दूसरे दिन शनिवार को विभिन्न जलाशयों पर पक्षियों की असवाई माधोपुर सवाई माधोपुर अखेलियों का अवलोकन किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने छह रूट बनाए हैं। पंजीकृत पक्षी प्रेमी अपने तय रूट पर प्रातः 6 बजे वन भवन चेटक सर्किल से बर्डिंग के लिए निकलेंगे।

Rajasthan State Forest Development Corporation Limited
REGIONAL OFFICE, BIKANER
क्रमांक :- एफ.7(03)ई-00094/नीलामी/मप्र/रायविनिलिशेकाबी/2025-26/44 दिनांक :- 14/01/2026
विशेष नीलामी विज्ञप्ति (संशोधित)
इस कार्यालय की विशेष नीलामी विज्ञप्ति क्रमांक 1464 दिनांक 25.11.2025 में वर्णित नीलामी दिनांक को संशोधित करने के उद्धेश्य से सर्व साधारण विशेषकर लकड़ी खरीदने वाले व्यापारियों/व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि इस वन मण्डल के अधीन चल रहे पातन स्थलों पर पातन उपरान्त बचे छाँगन (स्वचे - ज्वचे) की खुली नीलामी की जा रही है। पातन स्थलों की लकड़ियां जिन डिपो पर आती है उस पातन स्थल के छाँगन की नीलामी भी उसी डिपो में की जावेगी, जिसका संशोधित तिथिवार विवरण निम्न प्रकार है।
अतः इच्छुक क्रेतागण नियत तिथि व समय पर व्यक्तिशः उपस्थिति होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि को भेजकर अमानत राशि ₹10,000/- का डिमाण्ड ड्राफ्ट (महाप्रबन्ध, राजस्थान राज्य वन विकास निगम लि., क्षेत्रीय कार्यालय, बीकानेर के नाम का बना हुआ) जमा करवाकर खुली नीलामी में भाग ले सकते हैं।

क्र. सं.	नीलामी स्थल/विक्रय केन्द्र	प्रत्येक माह की नीलामी दिनांक	नीलामी समय	प्रबन्धक के दूरभाष नम्बर
1.	डिपो 820 RD	6 व 16	प्रातः 11.00 बजे	9950263758
2.	डिपो बज्जू	7 व 22	प्रातः 11.00 बजे	9950263758
3.	डिपो बीकमपुर	1 व 15	प्रातः 11.00 बजे	9950263758
4.	डिपो घड़साना	2 व 21	प्रातः 11.00 बजे	9414082990
5.	डिपो इ.गां.न.प. 682 RD	18 व 23	प्रातः 11.00 बजे	8963801110
6.	डिपो रावला	11 व 26	प्रातः 11.00 बजे	8963801110
7.	डिपो बीछवाल (बीकानेर)	12 व 25	प्रातः 11.00 बजे	9950263758
8.	डिपो छत्तरगढ़	5 व 19	प्रातः 11.00 बजे	9414082990

नोट :-
(1) नीलामी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी उपलब्ध कार्य दिवस को नीलामी की जावेगी।
(2) नीलामी में रखी जाने वाली वन उपज के संबंध में विस्तृत विवरण एवं शर्तों का अवलोकन विभागीय विक्रय केन्द्र पर किसी भी कार्य दिवस को किया जा सकता है अथवा इनकी जानकारी संबंधित प्रबन्धक से दूरभाष पर भी ज्ञात की जा सकती है।
महाप्रबन्धक
रा.रा.व.वि.नि.लि., क्षेत्रीय कार्यालय, बीकानेर
राज.संवाद/सी/25/17696